विधायक पी.एन पाठक ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

कसया (कुशीनगर)। शुक्रवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों छठ घाटों पर छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 4 अम्बेडकरनगर भरौली सहित कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और पथ प्रकाश की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नगरपालिका परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। विधायक श्री पाठक ने कहा कि छठ महापर्व पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं पूजा और अर्घ्य देने के लिए घाटों पर पहुंचती हैं। ऐसे में उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।



❑ साफ-सफाई, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था के लिए विधायक श्री पाठक ने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

आगे कहा कि छठ महापर्व हमारी लोकआस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, सामाजिक समरसता और लोककल्याण का संदेश देता है। मैं सभी श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया आईएएस जी अक्षय दीपक, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, ईओ अंकिता शुक्ला समेत दर्जनों लोग और अधिकारी मौजूद रहे।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश

कसया, कुशीनगर। छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया जी अक्षय दीपक और तहसीलदार धर्मवीर सिंह ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए। शुक्रवार की शाम को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया जी अक्षय दीपक और तहसीलदार धर्मवीर सिंह कसया नगर स्थित शिव मंदिर पोखरे का घूमकर निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घाट की साफ - सफाई, वेदियों के निर्माण और बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। नगरपालिका परिषद कुशीनगर द्वारा छठ वेदियों का निर्माण कराया गया है और रंगाई, पुताई के साथ प्रकाश, पेयजल, टेंट आदि की व्यवस्था की जा रही है ताकि व्रत धारी महिलाओं को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। सभासद राजेश मद्धेशिया और नगर के स्वच्छता प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी से उन्होंने छठ पर्व की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली।

छठ महापर्व को लेकर घाटों की हुई विधिवत साफ-सफाई, सजने लगे पूजा स्थल

भटनी (देवरिया)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। छठ व्रती महिलाओं की सुविधा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों की विधिवत साफ-सफाई कराई जा रही है।





❑नहाय-खाय से शुरू होगा चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व
❑व्रती महिलाओं की सुविधा के लिए जनप्रतिनिधियों ने लिया घाटों का जायजा

नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी कई दिनों से घाटों की सफाई, व्यवस्था और सजावट में जुटे हुए हैं। नगर के जंगली जलपा माता मंदिर परिसर स्थित छठ घाट, केवड़ा छोटी गंडक नदी के घाट तथा नूरीगंज स्थित छठ घाट की साफ-सफाई नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता एवं सभासदों की निगरानी में सफाई कर्मचारियों द्वारा कराई जा रही है। वहीं ग्राम उसका निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,समाजसेवी धर्मेन्द्र सिंहकी देखरेख में गांव के छठ घाट सफाई कराई गई। इसी क्रम में खोरीबारी, घाटी, साहोपार, वीरसिंहपुर सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में भी छठ घाटों की सफाई कर उन्हें सजाया-संवारा जा रहा है।

छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय की परंपरा से होती है। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत में व्रती महिलाएं पूरी श्रद्धा, पवित्रता और नियम-निष्ठा के साथ भगवान सूर्य और छठी मइया की उपासना करती हैं। नहाय-खाय के दिन स्नान के बाद शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत का संकल्प लिया जाता है। इसके बाद खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य की परंपरा निभाई जाती है। व्रती महिलाएं निर्जला उपवास रखकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं तथा परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना करती हैं।

महापर्व को लेकर घरों से लेकर घाटों तक उत्साह और भक्तिमय माहौल बनने लगा है। श्रद्धालु पूजा सामग्री, फल, सूप, दउरा और प्रसाद की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं घाटों पर साफ-सफाई के साथ रास्तों को व्यवस्थित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने घाटों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पर्व को शांतिपूर्ण, स्वच्छ और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

भाई की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर 80 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ी किशोरी

कप्तानगंज (कुशीनगर)। नगर के चकबंदी चौराहे के निकट उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब



14 वर्षीय एक किशोरी न्याय की मांग को लेकर करीब 80 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। किशोरी के इस कदम की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम ने उसे सुरक्षित नीचे उतारने के लिए 6 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त को कुछ लड़कों के विवाद के दौरान चकबंदी चौक निवासी राम भवन साहनी का छोटा लड़का करण साहनी मौके पर पहुँचा आरोप है कि कुछ लोगों ने पर ईंट पत्थर चलाये जिसके कारण उसको गंभीर चोटें आई।परिजन इलाज के वास्ते जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।इसके उपरांत ग्रामीण आक्रोश हो उठे।काफी हंगामे के बाद मामला शांत हुआ था। प्रकरण में मुकामी पुलिस ने पांच लोगों के खिलाप मामला दर्ज किया था। इसी मामले में समुचित कार्रवाई नहीं होने और प्रशासन की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए रागिनी साहनी नामक किशोरी अपने भाई के हत्याओं के खिलाप कार्यवाही की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़कर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर किया। टावर के ऊपर से उसने मामले में न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। किशोरी के टावर पर चढ़ने की खबर फैलते ही मौके पर तहसीलदार अभिषेक मिश्रा थानाध्यक्ष धीरेंद्र राय पुलिस बल व राजस्व टीम मौके पर पहुंचे। करीब 6 घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान अधिकारियों ने किशोरी को समझाने-बुझाने और सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास किया। काफी देर तक चले मान-मनौव्वल के बाद तहसीलदार द्वारा सरस्वती शिशु कन्या इंटर कालेज के प्रबंध तंत्र की इस घटना में संलिप्तता की जांच कराने पांचो दोषियों पर कार्यवाही करने,मामले के विवेचना अधिकारी को बदलने की मांग पर उचित कार्यवाही के लिखित आश्वासन देने और एसओ के प्रयास से मामला शांत हुआ। इस दौरान सचिन दिवाकर कुलदीप मौर्या आशुतोष कुमार समेत बड़ी संख्या में तहसील प्रशासन, पुलिस बल और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अनियंत्रित बाइक फिसली,पास से गुजर रहे ट्रक की चपेट में आयी महिला, मौत

कोटवा बाजार/कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कोटवा बाजार में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे विद्युत उपकेंद्र के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, मदार बिंदवलिया टोला दुसाधी पट्टी निवासी कपिलदेव मिश्रा की 45 वर्षीय पत्नी शांति देवी छठ पर्व में शामिल होने अपने मायके तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में जा रही थीं। उन्हें उनके पड़ोसी सुभाष सिंह का पुत्र अभिषेक सिंह बाइक से नौरंगिया छोड़ने जा रहा था। वहां से शांति देवी को दूसरे साधन से अपने मायके जाना था। बताया जा रहा है कि कोटवा बाजार में विद्युत उपकेंद्र के समीप आगे चल रही इंडेन गैस की ट्रक से पास लेने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे बाइक पर पीछे बैठी शांति देवी ट्रक की चपेट में आ गईं। ट्रक का पहिया सिर के ऊपर से गुजर जाने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

छठ पूजा को लेकर शिवा घाट पहुंचे डीएम-एसपी, तैयारियों का लिया जायजा

पडरौना/ कुशीनगर छठ पूजा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक ने नगर पंचायत सेवरही स्थित बांसी नदी के तट पर ऐतिहासिक शिवा घाट का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपजिलाधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष और छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों से बातचीत कर तैयारियों की जानकारी ली। समिति के सदस्यों ने अधिकारियों को घाट के पौराणिक महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि छठ पूजा के मुख्य दिन यहां करीब 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने नदी के गहरे पानी वाले स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग कराने के साथ पर्याप्त नावों और प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। घाट परिसर का समतलीकरण कराने, साफ-सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के भी निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को अतिरिक्त मैनपावर लगाकर घाट तक पहुंचने वाले संपर्क मार्ग की मरम्मत एवं निर्माण कार्य तत्काल पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को आवाजाही सुचारु रखने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, नगर पंचायत के कर्मचारी और छठ पूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पांच ग्राम पंचायतों में पंचायत उत्सव भवन निर्माण के लिए फिर मांगी गई निविदा

पडरौना/कुशीनगर। जिले की पांच ग्राम पंचायतों में पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण का रास्ता साफ करने के लिए जिला पंचायत राज विभाग ने दोबारा निविदा आमंत्रित की है। पूर्व में जारी निविदा की तकनीकी जांच के दौरान निविदादाताओं के अनर्ह पाए जाने पर गठित समिति ने पूरी प्रक्रिया निरस्त कर दी थी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि विकास खंड खड्डा की ग्राम पंचायत विशुनपुरा बुजुर्ग, विशुनपुरा की कंठी छपरा, तमकुही की बरवा सुकदेव, कप्तानगंज की बरवा कोटवा और सेवरही की डुमरिया में पंचायत उत्सव भवनों का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए नए सिरे से निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है।

लाइब्रेरी सेंटर और पंचायत भवन का उप निदेशक ने किया निरीक्षण

बभनौली (कुशीनगर)। विकास खंड सेवरही के ग्राम पंचायत तरया सुजान में शुक्रवार को उप निदेशक पंचायती राज



विभाग हिमांशु शेखर ठाकुर ने नवनिर्मित लाइब्रेरी सेंटर और पंचायत भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत स्तर पर संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई की स्थिति पर संतोष जताया। गांव में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था देखकर उन्होंने रिक्शा संचालकों और सफाईकर्मियों की सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को इसी तरह बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान नियमित रूप से कराया जाए। सार्वजनिक स्थलों और गलियों की साफ-सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मच्छरों से बचाव के लिए नियमित अंतराल पर फॉगिंग कराने तथा स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से जारी रखने पर भी जोर दिया। उप निदेशक ने पंचायत भवन और लाइब्रेरी सेंटर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एडीओ पंचायत हरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान कृष्णा राय, पंचायत सचिव नीतेश राय, ब्लॉक समन्वयक मृत्युंजय शुक्ला, राजीव राय, शुभम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शिव पोखरे के सुंदरीकरण कार्य का नपा अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने किया लोकार्पण

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 24 सुभाष नगर स्थित शिव मंदिर पोखरे के सुंदरीकरण, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण और टाइलिकरण कार्य का लोकार्पण नपा अध्यक्ष किरन राकेश



जायसवाल ने पूजन अर्चन तथा शिलापट्ट कर अनावरण किया। शुक्रवार को राज्य वित्त आयोग/ निकाय निधि योजना के अंतर्गत नव निर्मित इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण और टाइलिकरण कार्य के आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष किरन जायसवाल ने कहा कि नपा के सभी वार्डों का सर्वोत्तम विकास हमारी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि छठ पर्व को लेकर घाटों पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान ईओ अंकिता शुक्ला, सभासद राजेश मद्धेशिया, स्वच्छता प्रभारी नगर श्रवण तिवारी, उमेश कुमार गुप्ता, सन्नी जायसवाल, समर,इंजीनियर चंदन राव,हरिंद्र जायसवाल, राहुल सर्राफ सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

छठ गीत पर बन रहा भव्य एल्बम, विनीता पांडे की आवाज में सजेगा छठ महापर्व

कसया(कुशीनगर) छठ महापर्व की धूम पूरे पूर्वांचल में छाई हुई है। बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश के विशेषकर पूर्वांचल के हर घर में छठ पूजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। घाटों की सजावट से लेकर बाजारों तक छठ की रौनक है। इसी बीच उत्तर प्रदेश-बिहार के लोक गायक अपने-अपने अंदाज में छठ गीत प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी कड़ी में उभरती हुई युवा गायिका विनीता पांडे ने अपनी सुरीली आवाज में एक बेहतरीन छठ गीत गाया है, जिसका एल्बम साखोपार में शूट किया जा रहा है। नवल मूवीज के बैनर तले बन रहे इस एल्बम में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध अभिनेता इंद्रसेन यादव और अभिनेत्री अंकिता मिश्रा ने मुख्य किरदार निभाया है। एल्बम में छठ व्रत, व्रतियों की आस्था, घाट की परंपरा और परिवार की भावनाओं को बड़े ही खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है। एल्बम के मुख्य नायक इंद्रसेन यादव और नायिका अंकिता मिश्रा का कहना है कि इस एल्बम का गीत सभी छठ व्रत धारण करने वाली महिलाओं को बहुत पसंद आएगा। यह गीत आस्था, श्रद्धा और लोक परंपरा से जुड़ा हुआ है। इसकी धुन और बोल सीधे दिल को छू जाएंगे। एल्बम में अन्य कलाकारों में विनोद तिवारी, रब्बेश रैकवार आदि की भी सराहनीय भूमिका है। सभी कलाकारों ने पूरी मेहनत और लगन से शूटिंग में हिस्सा लिया। इस एल्बम के प्रोड्यूसर करुणेश जी और भुवनेश जी हैं। डीओपी सोनू एस के, निर्देशक प्रवीण कुमार और लाइन प्रोड्यूसर शाहिद आलम (जावेद) हैं। इस एल्बम के निर्माण में विशेष सहयोग पत्रकार अजय प्रताप नारायण सिंह का रहा है। शूटिंग के दौरान साखोपार में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। गायिका विनीता पांडे ने कहा कि छठ महापर्व आस्था का पर्व है और इस गीत को गाकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक इस गीत को अपना भरपूर प्यार और आशीर्वाद देंगे। छठ महापर्व से पहले रिलीज होने वाला यह एल्बम पूर्वांचल के साथ-साथ बिहार और झारखंड में भी धूम मचाने को तैयार है।



पत्रकार की आकस्मिक मौत से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

फाजिलनगर (कुशीनगर)। कलम से समाज की आवाज बुलंद करने वाला एक साथी जब अचानक दुनिया छोड़ गया तो पूरा पत्रकारिता जगत स्तब्ध रह गया। एक पत्रकार का असमय बिछड़ना केवल एक परिवार की क्षति नहीं, बल्कि उस पूरी बिरादरी के लिए गहरा आघात है, जो हर मुश्किल में समाज के साथ खड़ी रहती है। इसी पीड़ा को साझा करने और दिवंगत पत्रकार के परिवार को संबल देने के लिए फाजिलनगर में पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और समाजसेवियों का हुजूम उमड़ पड़ा। एक निजी मैरेज हाल में स्थानीय विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित आवश्यक बैठक एवं शोकसभा में तुर्कपट्टी, पटहेरवा, जोकवा, जौरा बाजार, बनकटा बाजार, चौरा खास, गुरवलिया, करमैनी सहित फाजिलनगर क्षेत्र के विभिन्न समाचार पत्रों से जुड़े सैकड़ों पत्रकार शामिल हुए। समाज के प्रबुद्धजनों और व्यापारी वर्ग की मौजूदगी ने इस जुटान को एकजुटता की मिसाल बना दिया।शोकसभा में दिवंगत पत्रकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों की आंखों में साथी को खोने का दर्द और चेहरे पर परिवार के प्रति चिंता साफ झलक रही थी। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने का पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और संघर्ष का नाम है। ऐसे में किसी साथी का असमय चले जाना पूरे पत्रकारिता परिवार को झकझोर देने वाला है। बैठक में श्रद्धांजलि तक ही सीमित न रहकर दिवंगत पत्रकार के परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर भी गंभीर पहल की गई। विधायक सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि संकट की इस घड़ी में परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और यथासंभव हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा। बैठक में विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, राधेश्याम पांडेय, दीपक द्विवेदी, राजन शुक्ला, प्रदीप राय, पत्रकार आद्या सिंह, गुरुदत्त उपाध्याय, विनय तिवारी, कृष्ण मुरारी पांडेय, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, उमेश पांडेय, जनार्दन शर्मा, ज्ञानचंद्र गौड़ और बृजेश पांडेय सहित सैकड़ों पत्रकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनंजय तिवारी ने किया। एक साथी की विदाई ने पूरे क्षेत्र को यह एहसास करा दिया कि कलम की ताकत केवल खबरों में नहीं, बल्कि संकट के समय एक-दूसरे के साथ खड़े होने की एकजुटता में भी होती है।



❑साथी की मौत से द्रवित , श्रद्धांजलि देने उमड़ा पत्रकारों का हुजूम ❑विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में जुटे सैकड़ों पत्रकार और प्रबुद्धजन, दिवंगत पत्रकार के परिवार की आर्थिक मदद का लिया संकल्प

तीसरी बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाकर भाजपा ने डा. डीएन पर जताया भरोसा

तुर्कपट्टी,कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा में डा. द्वारिका कुशवाहा उर्फ डा. डीएन कुशवाहा को लगातार तीसरी बार गोरखपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन में उनकी निरंतर सक्रियता और कार्यशैली पर भरोसा जताते हुए पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। 12 नवंबर को जारी मोर्चा पदाधिकारियों की सूची में उनका नाम शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद प्रकाश पाल और क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय की संस्तुति पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश उर्फ मोहन चौहान ने पदाधिकारियों की घोषणा की है। तमकुही विकासखंड के तारविशुनपुर गांव निवासी डा. डीएन कुशवाहा को पहली बार वर्ष 2021 में गोरखपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया था। वर्ष 2021 से 2024 तक पहले कार्यकाल की जिम्मेदारी निभाने के बाद वर्ष 2024 में संगठन ने उन्हें दूसरी बार इसी पद पर मनोनीत किया। अब वर्ष 2026 में तीसरी बार जिम्मेदारी देकर पार्टी ने उनके संगठनात्मक अनुभव और सक्रियता



को महत्व दिया है। लगातार तीन कार्यकाल तक क्षेत्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलना उनके राजनीतिक संगठनात्मक सफर की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। लगातार तीसरी बार मनोनयन की जानकारी मिलने के बाद समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह है। पूर्व सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी, विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, राधेश्याम पांडेय, डा. कन्हैया शर्मा, दिलीप सिंह, अमलेश तिवारी, रामकृपाल कुशवाहा, गिरजेश जायसवाल, मृत्युंजय सिंह मोनू, अखिलेश जायसवाल और रामवृक्ष गिरी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। डा. डीएन कुशवाहा ने कहा कि संगठन ने लगातार तीसरी बार जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वह पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी।

महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्र छात्राओं का भव्य स्वागत

भटनी (देवरिया)। स्थानीय नगर के बहादुर यादव महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए एवं डी.फार्मा के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार यादव ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक ममता यादव ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उप प्राचार्य डॉ. आरएम यादव ने शिक्षा के साथ संस्कार एवं व्यक्तित्व विकास को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान खैरात राजकुमार यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनूप कुमार, डॉ. तारा ठाकुर, अली सरवर, वीरेंद्र प्रताप विश्वकर्मा, शिवशंकर मौर्य, प्रतिभा पटेल, सीमा यादव, राजीव कुमार शर्मा, दिवाकर यादव, मनोज शर्मा, दुर्गेश यादव, राजेश यादव, राहुल यादव, इंद्रजीत, संदीप सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।